

हमारे लोकप्रिय राज्यसभा सांसद महोदय श्री सुमेर सिंह सोलंकी जी की उपराष्ट्रपति महोदय के साथ पांच देशों की सरकारी विदेश यात्रा हेतु चुने जाने पर महेंद्र पालीवाल (एमआरपी) प्रबंध संपादक डीजीआर ग्रुप द्वारा उनका स्वागत हार्दिक अभिनंदन किया गया और बधाई दी गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। आदिवासी समाज के बंधुओ की समस्या पर महत्वपूर्ण चर्चा की और अन्य सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा की।


सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 93 | इंदौर, गुरुवार 16 अक्टूबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया, सेवानिवृत्त जिला आबकारी अधिकारी, अलीराजपुर के निवास एवं अन्य ठिकानों पर

# लोकायुक्त की सर्च कार्रवाई

इंदौर। विपुस्था लोकायुक्त के महानिदेशक श्री योगेश देशमुख के निर्देशन व विपुस्था लोकायुक्त इंदौर के पुलिस अधीक्षक श्री राजेश सहाय के मार्गदर्शन में आज दिनांक 15.10.2025 को प्रातः 06.00 बजे श्री धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया, सेवानिवृत्त जिला आबकारी अधिकारी, फ्लेट क्रमांक 201 व अन्य स्थानों पर लोकायुक्त इंदौर, उज्जैन एवं ग्वालियर की टीम ने निम्न स्थानों बेकारी, अलीराजपुर के कैलाशकुंज इंदौर स्थित पर सर्च कार्रवाई संपादित की गई :





1.फ्लेट कमांक 201, 402 व 403 कैलाशकुंज पलासिया इंदौर स्थित आरोपी श्री धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया के आवास गृह पर उप पुलिस अधीक्षक श्री सुनील तालान एवं निरीक्षक श्री सचिन पटेरिया के हमराह लोकायुक्त इंदौर की टीम द्वारा सर्चिंग की गई। उक्त कार्रवाईप में 1,13,13612/- रुपये नगदी (कैश) कुल 5,48,79,930 /- रुपये कीमती 04 किलो 221 ग्राम सोना, 8,08,086/- रुपये कीमती 07 किलो 128 ग्राम चांदी जप्त की गई। कुल 2,23,27,930/- रुपये की अन्य सामग्री वाहन, साडी, घड़ियां, हथियार, परफ्यूम, फर्नीचर आदि तलाशी पर पाया गया। इस प्रकार आवास क्रमांक 201 से 9,66,01,558/- रुपये की चल/अचल सम्पत्ति प्राप्त हुई है। भूमि आदि के दस्तावेज प्राप्त हुये है। 03 लॉकर भी बैंकों में होना पाया है। बैंक खाते व बीमा पॉलिसीयां भी प्राप्त हुई है। पुत्र सूर्यांश व पुत्री अपूर्वा द्वारा श्री जितेन्द्र चौधरी को लगभग 2,85,00,000/- रुपये उधार देने का एग्रीमेंट पाया गया है। बैंक दस्तावेजों से भी इसकी पुष्टि हो रही है।

इस प्रकार आवास कांक 201 से कुल 12,51,01,558/- रुपये व्यय किये जाने के प्रमाण प्राप्त हुये है। फ्लेट क्रमांक 402 किराये पर दिया जाना पाया गया है। इसके दस्तावेज प्राप्त किये जाना है।

फ्लेट क्रमांक 403 में पुत्री अपूर्वा व दामाद रहते पाये जो सर्च पर इस फ्लेट में कुल 6,48,950/-रुपये की सम्पत्ति पाई गई है। उक्त तीनों पलेटों की गाइडलाईन अनुसार अनुमानित कीमत 1,92,00,000/- रुपये पाई गई है। तीनो पलेट पर प्राप्त चल/अचल सम्पत्ति पर अनुमानित व्यय 14,49,50,508/- रुपये होना पाया गया है।

यवि ग्रीन स्कीम नम्बर 114 इंदौर स्थित फ्लेट कमांक एफ-401 पुत्री अपूर्वा के नाम से पाया गया, है, उसमें द डिजाईन चैलेंज व मूवी से संबंधित फर्नीचर व डेकोरेशन पाया गया। कुल 13,07,000/- रुपये चल सम्पत्ति पाई गई है। फ्लेट का मूल्य प्राप्त रजिस्ट्री अनुसार 37,25,000/-रुपये पाया गया है, जो कुल व्यय 50,32,000/- रुपये होना पाया गया है। यहां निरीक्षक श्री आशुतोष मिठास के नेतृत्व में लोकायुक्त दल द्वारा सर्चिंग की गई थी।

काउंटीवॉक इंदौर में 4700 वर्गफीट के भूखण्ड पर तीन मंजिला आवास निर्माणाधीन है। यह आवास लगभग 12000 वर्गफीट होकर गाइडलाईन के अनुसार 3,36,73,000/- रुपये कीमती पाया गया है। यहां निरीक्षक श्रीमती रेणू अग्रवाल के नेतृत्व में सर्चिंग की गई।

बिजनेस स्कीम पार्क स्थित विभिन्न कार्यालयों की भी सर्चिंग की गई, जिसमें विभिन्न दस्तावेज जप्त हुये है। यहां चार दल उप पुलिस अधीक्षक श्री आनन्द चौहान, उप पुलिस अधीक्षक श्री दिनेशचन्द्र पटेल, निरीक्षक श्री प्रतिभा तोमर व निरीक्षक श्री दीपक सेजवार के नेतृत्व में सर्चिंग की गई।

ग्वालियर में श्री धर्मेन्द्र भदौरिया का पैतृक आवास होना पाया गया है, जो 160 बाय 80 वर्गफीट है। यहां पर 22,78,000/- रुपये की चल/अचल सम्पत्ति प्राप्त हुई है।

इस प्रकार कुल 18,59,33,508/- रुपये का व्यय आरोपी श्री धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा चल/अचल सम्पत्ति पर किया जाना पाया गया है। यदि वेतन/भत्ते से उनकी आय सम्पूर्ण सेवाकाल में लगभग 2,00,00,000/- रुपये अनुमानित मानी जाती है तो उनके द्वारा 829.66 प्रतिशत अनुपातहीन सम्पत्ति धारित किया जाना प्रथमदृष्टया पाया गया है।

विपुस्था, लोकायुक्त कार्यालय इंदौर में शून्य पर अपराध कमांक 0/50/2025 धारा 13 (1) बी, 13 (2) भ्रष्टाचार निवारण संशोधित अधिनियम 2018 के अंतर्गत दर्ज की जाकर प्रकरण विवेचना में लिया गया।

### छापा दल सदस्य

सहायक उप निरीक्षक मो. रहीम खान, प्रआर श्री प्रमोद यादव, प्रआर श्री राजप्रताप सिसौदिया, प्रआर श्री दिगम्बर पाल, प्रआर श्री विवेक मिश्रा, प्रआर श्री आशीष शुक्ला, प्रआर श्री शिवकुमार शर्मा, प्रआर श्री रंजीत द्विवेदी, प्रआर श्री हितेश ललावत, आरक्षक श्री विजय कुमार, आरक्षक श्री शिवप्रकाश पाराशर, आरक्षक श्री आशीष नायडू, आरक्षक श्री कमलेश परिहार, आरक्षक माथुर, आरक्षक श्री आदित्य सिंह भदौरिया, आरक्षक श्री शैलेन्द्र सिंह बघेल, आरक्षक श्री चन्द्रमोहन बिष्ट, आरक्षक श्री कृष्णा अहिरवार, आरक्षक श्री राकेश मिश्रा, आरक्षक श्री अनिल परमार, आरक्षक श्री पवन रक्षक श्री मनीष पटोरिया, आरक्षक श्री रामेश्वर निगवाल, आरक्षक मो. इसरार, आरक्षक श्री श्याम शर्मा, श्री प्रभात मोरे, आरक्षक चालक श्री शेरसिंह ठाकुर।

### खूब ग्राहकी हुई...

# पुष्य नक्षत्र के कारण बुधवार को भी बाजारों में ग्राहकों की रौनक रही



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में बुधवार को उदयातिथि में पुष्य नक्षत्र रहने से सुबह से शाम तक बाजारों में भीड़ रही। इंदौर के सराफा, राजवाड़ा, कपड़ा मार्केट, महारानी रोड सहित अन्य बाजारों में खूब ग्राहकी हुई। एमटीएच कपाउंड व इलेक्ट्रानिक शोरुमों में भी जमकर खरीददारी हुई।**

लोगों ने पुष्य नक्षत्र में सोने-चांदी के आभूषण, मोबाइल फोन, टीवी, फ्रीज सहित अन्य सामान खरीदे। जीएसटी स्लैब की कमी से 100 से ज्यादा वस्तुएं सस्ती हो गई है। व्यापारी उन उत्पादों पर छूट देकर ग्राहकों को आकर्षित कर रहे है और आटोमोबाइल, इलेक्ट्रानिक आयटम खूब बिक रहे है। सोना-चांदी महंगा है, लेकिन लोग शगुन के तौर पर हल्के वजन के आभूषण व सोने-चांदी के सिक्के खरीद रहे है।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि दीपावली के अवसर पर राजवाड़ा और जहां भी परम्परागत रूप से रेहड़ी और पटरी की दुकानें लगती है, वे त्यौहार के समय में लगी रहेगी। स्वदेशी दीपावली को आगे बढ़ाने के लिए ये दुकानदार दीपावली की उपयोगी वस्तुओं को बेचने के लिए स्वतंत्र है। रिमूवल गैंग सड़कों से उन्हें नहीं हटाएगी। राजवाड़ा क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित करने के बाद कृष्णपुरा छत्री ब्रिज पर बेरिकेड लगाकर वाहनों को रोक दिया गया। सिर्फ दो पहिया वाहनों को ही जाने दिया जा रहा था। इस कारण ब्रिज के समीप के चौराहे पर दिनभर यातायात बाधित होता रहा। शिवाजी मार्केट की मल्टीलेवल पार्किंग में वाहन रखने की जगह नहीं थी। इस कारण कार चालकों को भी वाहन पार्क करने में परेशानी हुई।

# दीपावली पर राजवाड़ा पर परंपरागत रेहड़ी पटरी की दुकानें लगी रहेंगी : महापौर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने एक वीडियो जारी किया है। इसमें उन्होंने स्वदेशी दीपावली की बात करते हुए राजवाड़ा और शहर में लगने वाली परंपरागत रेहड़ी-पटरी की दुकानों पर दीपावली की वस्तुएं बेचने के लिए स्वतंत्र हैं। इसके लिए नगर निगम के अधिकारियों को महापौर ने निर्देशित भी किया है।**

बता दें कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव 18 अक्टूबर तक विदेश प्रवास पर हैं। उन्होंने बुधवार को एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें उन्होंने कहा कि - यह दीपावली स्वदेशी वाली। आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ हम सब स्वदेशी दीपावली मनाए। विशेष रूप से हमारे रेहड़ी पटरी वाले भाई-बहनों को दीपावली की शुभकामनाएं। हर वर्ष की तरह परंपरागत रूप से लगने वाली सभी रेहड़ी-पटरी मान-सम्मान और स्वाभिमान के साथ स्वदेशी दीपावली को आगे बढ़ाने के लिए लगी रहेगी। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राजवाड़ा और जहां-जहां परंपरागत रूप से दुकानें रेहड़ी-पटरी की लगती हैं। वे सब दीपावली की वस्तुओं को बेचने के लिए स्वतंत्र हैं।

## संयुक्त आयुक्त (विकास) निलेश परीख का निधन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मध्यप्रदेश शासन में संयुक्त आयुक्त (विकास) के पद पर पदस्थ निलेश परीख का दुखद निधन 14 अक्टूबर 2025, मंगलवार को हो गया है। वे वर्तमान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र राऊ के प्रमुख थे। श्री परीख के निधन से प्रशासनिक सेवा क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। शोक सभा एवं उठावना का कार्यक्रम 16 अक्टूबर, गुरुवार को दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक गीता भवन में आयोजित किया गया है।

# साहित्यिक यात्रा में आलोचक का होना बहुत जरूरी : डॉ. धर




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** साहित्यिक यात्रा में आलोचक का होना बहुत जरूरी है। वही हमें सही रास्ता दिखाता है। आलोचक से डरे नहीं उसे नकारात्मक दृष्टि से न देखें। हमारे लेखन में क्या कमी है ये एक आलोचक ही बता सकता है। आलोचक की अच्छी बातों को स्वीकार करें और अपने लेखन में सुधार करें। यह बातें वैष्णव विद्यापीठ की डीन डॉ. संतोष धर ने सोसायटी ऑफ ऑथर्स द्वारा कुंद कुंद ज्ञानपीठ महात्मा गांधी मार्ग के सभाग्रह में आयोजित मासिक बैठक के अवसर पर कही। इस अवसर पर वैष्णव विद्यापीठ के पूर्व कुलपति डॉ. उपिन्दर धर ने कहा साहित्य समाज का अभिन्न अंग है। समाज को सही दिशा दिखाने में साहित्य की अहम भूमिका है। इस अवसर पर बालकराम शाद, रशीद अहमद शेख, मुकेश इन्दौरी, व्रजेन्द्र नागर, सुरेश रायकवार, गोकुल परसाई, डॉ. पी. के माथुर, राज सांधेलिया, बब्बू जोशी, शोभारानी तिवारी, राजेश तिवारी आदि ने समूचे परिवेश को आलोकित करती रचनाओं का पाठ किया। संचालन संस्था सचिव रामनारायण सोनी ने किया। आभार वाय के गुप्ता ने माना।

# खाद्य प्रतिष्ठानों से संग्रहित पनीर और घी के नमूने अवमानक पाए गए, तीन खाद्य प्रतिष्ठानों पर लगाया जुर्माना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जिले में कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में अमानक खाद्य पदार्थों के क्रय, विक्रय एवं भण्डारण के विरूद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा अवमानक खाद्य पदार्थों के विक्रय करने वाले तीन प्रतिष्ठानों के विरूद्ध लाखों रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया।**

न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ने बताया कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा पूर्व में शहर के खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर आवश्यक पदार्थों के नमूने जांच के लिए संग्रहित किये गए थे। संग्रहण के बाद विभाग द्वारा राज्य प्रयोगशाला विश्लेषण के लिए भेजे गए थे। प्रयोगशाला से नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद विभाग द्वारा सम्बंधित प्रतिष्ठानों पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की विभिन्न धाराओं का उल्लंघन के दोषी पाये जाने पर कारवाई की गई। न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी नवजीवन विजय पंवार ने कच्ची मोहल्ला स्थित महादेव रेस्टोरेन्ट में पनीर एवं घी अवमानक पाए जाने से इनके विरूद्ध एक लाख 75 हजार रुपये की शास्ति अधिरोपित की गई। इसी प्रकार श्रद्धा श्री कॉलोनी स्थित मेसर्स राजलक्ष्मी ट्रेडर्स द्वारा निर्मित घी (लूज) अवमानक पाए जाने पर एक लाख रुपये और नेहरू नगर स्थित मेसर्स रामा दूध डेरी के विरूद्ध रुपये एक लाख 50 हजार रुपये की शास्ति अधिरोपित की गई।

## पुलिस स्मृति दिवस परेड का आयोजन 21 अक्टूबर को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** सेनानी 15वीं वाहिनी वि.स. बल इंदौर द्वारा पुलिस स्मृति दिवस परेड का आयोजन 21 अक्टूबर को सुबह 9 बजे शहीद स्मारक 15वीं वाहिनी परेड ग्राउंड में किया जायेगा। आयोजन में पुलिस आयुक्त (नगरीय इंदौर) श्री संतोष कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। परेड कार्यक्रम में 15वीं वाहिनी विसबल इंदौर द्वारा शहीद पुलिस कर्मचारियों के नामों का वाचन किया जायेगा। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा रीथ अर्पण की जाएगी। समस्त पुलिस अधिकारियों द्वारा सलामी शस्त्र व शोक शस्त्र को सेल्यूट किया जायेगा। इसके बाद बिगुलर लास्ट पोस्ट व राउज बजाया जायेगा। तत्पश्चात परेड पील ऑफ होगा।

# जिला एवं तहसील मुख्यालयों पर बनाए जाएंगे हैलीपेड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** अपर मुख्य सचिव विमानन संजय कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय पर हैलीपेड निर्माण के संबंध में वीडियों कान्फ्रेसिंग द्वारा बैठक आयोजित हुई। बैठक में इंदौर सहित ग्वालियर, भोपाल, जबलपुर और उज्जैन के कलेक्टर एवं संबंधित अधिकारी शामिल हुए। इंदौर से अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पंवार उपस्थित रहे। बैठक में अपर मुख्य सचिव विमानन श्री शुक्ला ने सभी कलेक्टर्स एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी जिला एवं तहसील मुख्यालयों पर हैलीपेड निर्माण की योजना है। इसके लिए अधिकारीगण अपने-अपने क्षेत्र में हैलीपेड निर्माण के लिए स्थान चिन्हित कर लें। हैलीपेड शासकीय संस्थानों विशेषकर उच्च शिक्षा संस्थानों, यूनिवर्सिटी, निगम मुखयालय आदि सुरक्षित स्थानों पर बनाये जाएंगे। बैठक में इंदौर के अपर कलेक्टर श्री पंवार ने बताया कि इंदौर में भंवरकुआँ चौराहा स्थित शासकीय अटल बिहारी वाजपेयी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय परिसर एवं मुसाखेड़ी रिंग रोड़ स्थित पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में हैलीपेड के लिए स्थान चिन्हित किये गए हैं। अपर मुख्य सचिव विमानन श्री शुक्ला ने अपर कलेक्टर श्री पंवार को निर्देशित किया कि वे इंदौर में बायपास रोड़ और उज्जैन रोड़ स्थित अरविंदो परिसर में भी हैलीपेड निर्माण के लिए स्थान चिन्हित कर सकते हैं।

# इंदौर में 24 किन्नरों ने एक साथ जहर पीया

## सभी को एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया, चार किन्नरों ने की आत्मदाह की कोशिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के नंदलालपुरा इलाके में 24 किन्नरों ने एक साथ जहर पी लिया। सभी को एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। दो गुटों में आपसी विवाद के कारण ऐसा करना बताया जा रहा है।**

एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में बुधवार शाम लगभग 24 किन्नरों के कोई पदार्थ पीने की सूचना मिली। प्रारंभिक जांच में फिनायल पीने की बात सामने आई है। जहरीला पदार्थ किस कारण से पीया गया, इस संबंध में अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीएमएचओ को सभी प्रभावितों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए गए हैं।

सूचना मिलने पर एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया भी एमवायएच पहुंचे। उन्हें वहां के हालातों की जानकारी ली।

एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल ने बताया कि शाम के समय किन्नर समाज के डेरे में हंगामे की सूचना मिली थी। इसके बाद थाना प्रभारी पंढरीनाथ, एसपी सराफा और मैं बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि स्थिति सामान्य होने पर इनके बयान लिए जाने के बाद आगे की कार्वाई की जाएगी।





### चार किन्नरों ने की आत्मदाह की कोशिश

एमवाय अस्पताल के बाहर चार किन्नर ने खुद पर पेट्रोल छिड़क कर आत्मदाह का प्रयास किया। पुलिस ने उनसे बोतल छीनकर मामला शांत किया। अस्पताल में और पुलिस बल तैनात किया गया है।

किन्नरों के दो गुटों में चल रहा है विवाद

किन्नरों के दो गुटों में संपत्ति को लेकर विवाद भी चल रहा है। यहां गादी को लेकर पायल और सीमा गुरु के लोग कई बार आमने-सामने आ चुके हैं। इस मामले में सीपी संतोष सिंह एसआईटी का गठन भी कर चुके हैं, लेकिन एसआईटी तीन महीने बाद भी खाली हाथ है।

पहले इस मामले में एसआईटी में मुख्य भूमिका डीसीपी ऋषिकेश मीणा निभा रहे थे, लेकिन उनके ट्रांसफर होने के बाद एसआईटी ने आगे मामलों में जांच नहीं की। कुछ दिन पहले भी किन्नरों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए थे। वहीं अन्नपूर्णा थाने का घेराव भी किया था।

### इधर, किन्नर ने रेप का केस दर्ज कराया

इससे पहले नंदलालपुरा क्षेत्र की एक किन्नर ने दो मीडियाकर्मियों पर रेप का केस दर्ज कराया था। पंढरीनाथ थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट और धमकी देने की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, किन्नर ने अपनी शिकायत में बताया कि 30 मई 2025 को उसके डेरे के गुरु के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई थी। इसके बाद 12 जून को आरोपी पंकज जैन अपने साथी अक्षय के साथ डेरे पर आया। आरोप है कि पंकज ने किन्नर पर जबरन संबंध बनाने का दबाव डाला और मना करने पर समाज को बदनाम करने और पुलिस कार्वाई में एनकाउंटर कराने की धमकी दी।

### गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी

किन्नर का कहना है कि पंकज ने उसे पहली मंजिल पर ले जाकर जबरन संबंध बनाए और मारपीट भी की। बाद में धमकी दी गई कि यदि उसने यह बात किसी को बताई तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। घटना के बाद पीड़ित किन्नर ने अपने गुरु को जानकारी दी और मंगलवार को थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी।

---

# ड्यूटी के दौरान महिला ट्रैफिक पुलिसकर्मी 'दामिनी' से अभद्रता

## ई-रिक्शा में झगड़ा कर रही थीं महिलाएं, समझाने पहुंची तो वर्दी फाड़ी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। परदेशीपुरा क्षेत्र में ड्यूटी के दौरान एक महिला ट्रैफिक पुलिसकर्मी से अभद्रता और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपी महिला ने न केवल आरक्षक की वर्दी फाड़ दी, बल्कि ड्यूटी में बाधा भी उत्पन्न की। पुलिस ने आरोपी गौरी सारस्वत के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा और अभद्रता की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

परदेशीपुरा पुलिस के अनुसार, महिला आरक्षक दामिनी पाटिल ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह पूर्व थाने में पदस्थ हैं। मंगलवार शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक उनकी ड्यूटी अन्य आरक्षकों के साथ पाटनीपुरा चौराहा पर लगी थी। इसी दौरान वहां भीड़ दिखी, जिससे ट्रैफिक अव्यवस्थित हो गया। जब आरक्षक मौके पर पहुंचीं, तो एक महिला दूसरी महिला को सड़क पर गिराकर मारपीट कर रही थी। पूछताछ में पता चला कि झगड़ा किराए को लेकर हुआ था। ई-रिक्शा चालक महिला का कहना था कि रिक्शा में सवार गौरी सारस्वत निवासी नेहरू नगर किराया देने से इंकार कर रही थी। आरक्षक दामिनी ने जब बीच-बचाव करते हुए गौरी से किराया देने को कहा, तो वह उनसे ही उलझ पड़ी। गौरी ने आरक्षक से बदसलूकी की, कॉलर पकड़कर वर्दी फाड़ दी और वर्दी उतरवाने की धमकी दी। इस दौरान आरक्षक की जैकेट फट गई और दो बटन टूट गए। सूचना मिलने पर एफआरवी टीम मौके पर पहुंची और आरोपी महिला को थाने लाया गया।

---

# नाबालिग को 5 लड़कों ने मारा चाकू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। द्वारकापुरी में एक 14 साल के लड़के को 5 लड़कों ने घेरकर चाकू मारे। जिसके बाद उसे गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल ले जाया गया। घायल की पहचान गौरव (14) पुत्र मुन्ना वर्मा के तौर पर हुई है। मामले में बाला, नैतिक, प्रिंस और अभिषेक व एक अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास के मामले में केस दर्ज किया है।**

गौरव ने अपने बयान में बताया कि वह एक टेंट हाउस पर काम करता है। रूपए के लेनदेन को लेकर बाला से विवाद चल रहा है। मंगलवार शाम करीब 6 बजे दोस्तों को लेकर प्रजाप्रत दूध डेयरी पर पहुंचे थे। यहां पर आरोपी अभिषेक और बाला काम करते है। यहां आपस में झगड़ा हुआ तो प्रिंस ने थप्पड़ मार दिया। इसके बाद चले गए। रात में 9 बजे कालू नाम का लड़का आया और उसने बताया कि आरोपी उन्हें मारने के लिए ढूंढ रहे है। रात करीब 11 बजे प्रिंस और बाला व अन्य ने हत्या को लेकर धमकी दी। इसी बीच राम मंदिर गार्डन के यहां पर आरोपियों ने आकर मारपीट की। इसके बाद प्रिंस ओझा ने चाकू निकाला और गौरव की पसली में मार दिया। इस दौरान गौरव सड़क पर गिर गया। उसके साथियों ने उसे उठाया। वहीं परिवार को जानकारी दी।

---

# ट्रैक्टर-ट्रॉली हादसे में एक और मौत, अब तक 4 लोगों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। दो दिन पहले ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 3 लोगों की मौत के बाद एक और मौत हो गई। हादसे में अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 24 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। इनमें से आठ अभी अरबिंदो हॉस्पिटल में एडमिट हैं।**

घायलों में पप्पी बाई की मंगलवार रात को मौत हो गई। उधर, मंगलवार को जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने ग्राम बीबीखेड़ी पहुंचकर दु:खद हादसे में काल कवलित हुए तीनों दिवंगतों के अंतिम संस्कार में शामिल हुए और भारी मन से उन्हें विदाई दी तथा उनकी सद्गति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। गौरतलब है सोमवार शाम सांवेर के चन्द्रावतीगंज के ग्राम हरियाखेड़ी में हुए दर्दनाक हादसे में पहले 3 लोगों की मौत हो गई थी। मामले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार दिवंगतों के परिवारों के लिए राहत स्वरूप 4-4 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। इस बीच सिलावट ने मंगलवार को सिविल हॉस्पिटल सांवेर में अधिकारियों और डॉक्टरों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी घायलों के स्वास्थ्य और उपचार व्यवस्था के संबंध में चर्चा की तथा उनके लिए हर प्रकार की सुविधा एवं मदद सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

---

# मुक्तिधामों को होगा जीर्णोद्धार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। शहर के साथ ही 29 गांवों के श्मशानों की स्थिति जानने के लिए सभी झोनल अधिकारियों को एक लेटर भेजा है। पिछले दिनों हुई परिषद की बैठक में भी श्मशान का मुद्दा उठा था। जिसके बाद श्मशानों के जीर्णोद्धार का काम किया जाएगा। इसके लिए जनसहयोग भी लिया जाएगा, नगर निगम भी मदद करेगा। साथ ही इसके लिए कमेटियों का भी गठन किया जाएगा। दरअसल, एमआईसी मेंबर व प्रभारी महापौर राजेंद्र राठौर ने मुक्तिधामों के जीर्णोद्धार के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजने के लिए सभी झोनल अधिकारियों को लेटर भेजा है।

---

# आते जाते अश्लील इशारे... साथ में चलने की बात कही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी छात्रा के साथ आते जाते अश्लील इशारे करता था। पीड़िता ने अपने परिवार को इसकी जानकारी दी । जिसके बाद परिवार ने मंगलवार को थाने में आरोपी के खिलाफ एफआईआर कराई है।

पुलिस के मुताबिक 19 साल की युवती की शिकायत पर आशीष पुत्र किशोर चौहान निवासी राही नगर रघुवंशी कॉलोनी के खिलाफ मामले के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता निजी कॉलेज से एलएलबी की पढ़ाई कर रही है। आशीष चौहान उसके किराएदार के यहां एक दुकान पर आकर बैठता था। जब वह यहां से निकलती आते जाते छेड़छाड़ करने के साथ ही अश्लील इशारे करता है। उसे पीड़िता के भाई ने पूर्व में समझाइश भी दी थी। इसके बाद उसने घर के यहां आना जाना बंद कर दिया था। एक हफ्ता से वह फिर से आने जाने लगा। मंगलवार को पीड़िता इलाके के मेडिकल से अपने घर की तरफ आ रही थी। तभी रास्ते में आशीष चौहान ने उसे देखा और अश्लील इशारा किया। उसे आंख मारी। इसके बाद कमेंट्स कर साथ में चलने की बात कही। पीड़िता वहां से डरते हुए वहां से घर पहुंची। अपनी मां को पूरी जानकारी दी ओर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन का सभी से किया आह्वान

# चाहे जितनी जल्दी हो, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अवश्य करें

- नियमों का पालन कर बनें जिम्मेदार नागरिक
- एडवांस एप्लीकेशन एप 'संजय' का किया शुभारंभ







@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जीवन अनमोल है। तेजी में या असावधानीवश सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी किसी भी सूरत में उचित नहीं है। दुनिया का कोई भी काम किसी की जिंदगी से बड़ा नहीं होता, इसलिए चाहे जितनी भी जल्दी हो, सड़क पर चलते समय सुरक्षा नियमों का पालन करना हर नागरिक का प्राथमिक कर्तव्य है। उन्होंने अपील की कि सभी लोग दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाना कतई न भूलें।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सुधरेंगे, तो जग भी सुधरेगा। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना न केवल हमारी जरूरत है, बल्कि एक जागरूक नागरिक के रूप में हमारी बड़ी जिम्मेदारी भी है। सिविक सेंस कहता है कि वाहन चलाते समय हमें अपने साथ दूसरों के जीवन की सुरक्षा का दायित्व भी समझना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में सड़क सुरक्षा उपायों पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक अच्छे वाहन चालक की सच्ची कुशलता तो इस बात में है कि हम सड़क पर अपनी सेंसिबल ड्राइविंग और जिम्मेदारीपूर्ण आचरण से दूसरों को भी प्रेरणा दें। सड़क सुरक्षा के प्रति सामूहिक सजगता से ही दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। जन-गरुकता से समाज में एक सुरक्षित यातायात संस्कृति और इसके लिए जरूरी यवस्थाओं का निर्माण किया जा सकता है। सड़क सुरक्षा के लिए संसाधन उपलब्ध करवाने में हमारी सरकार कभी भी पीछे नहीं हटेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रिमोट का बटन दवाकर सड़क सुरक्षा के आधुनिक उपायों पर आधारित एडवांस एप्लीकेशन 'संजय' का शुभारंभ किया। कार्यशाला में लोक निर्माण विभाग एवं मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड द्वारा आईआईटी मद्रास और सेव लाइफ फाउंडेशन के साथ डीडीएचआई और सड़क सुरक्षा प्रबंधन पर दो अलग एमओयू हस्ताक्षरित कर परस्पर आदान-प्रदान किये गये।

इस अवसर मुख्यमंत्री ने आईआईटी मद्रास द्वारा तैयार की गई 'सड़क सुरक्षा शिक्षा प्रणाली' पुस्तक एवं 'रोड सेफ्टी' रिपोर्ट का विमोचन भी किया। कार्यशाला के आरंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम स्थल पर लोक निर्माण, परिवहन, यातायात (सड़क सुरक्षा प्रबंधन), लोक स्वास्थ्य एवं नगरीय प्रशासन सहित अन्य सम्बद्ध विभागों की सड़क सुरक्षा से जुड़े आधुनिक एवं उन्नत उपकरणों पर केन्द्रित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कार्यशाला में सचिव, परिवहन श्री मनीष सिंह, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड श्री भरत यादव, एडीजी श्री अबसार, श्री विवेक शर्मा, सुश्री कृष्णा सहित अधिकारी और बड़ी संख्या में सड़क सुरक्षा प्रबंधन से जुड़े तकनीकी अधिकारी उपस्थित थे। प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर्स, पुलिस अधीक्षकों, जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित करीब 3000 प्रतिभागियों ने कार्यशाला में वर्चुअली सहभागिता की।

### सिवनी हवालाकांड में हाईकोर्ट ने दिए आदेश : कहा-

# कारोबारी को सुरक्षित घर तक पहुंचाकर आए पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिवनी, एजेंसी। हवालाकांड मामले में एक और नया मोड़ आ गया। जिस कार से हवाला का पैसा जब्त किया गया था उसके मालिक बर्तन कारोबारी सोहनलाल को हाईकोर्ट ने सुरक्षित घर तक छोड़ने के आदेश दिए हैं। साथ ही हाईकोर्ट ने आदेश दिए कि जहां-जहां सोहनलाल को रखा गया उसके सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखे जाएं।**

जालना निवासी गंगाबाई परमार ने अपने पति सोहनलाल परमार की रिहाई को लेकर हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी। उन्होंने आरोप लगाया है कि उनके पति को पुलिस ने कई दिनों तक गैरकानूनी रूप से हिरासत में रखा है। बुधवार को मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति विनय सराफ की खंडपीठ में हुई। याचिका में गंगाबाई ने बताया कि उनके पति को 10 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। 12 अक्टूबर को छोड़ा गया, लेकिन इसके बाद जालना पुलिस ने दोबारा गिरफ्तार कर सिवनी पुलिस के हवाले कर दिया। इसके बाद हवाला केस से जुड़े कारोबारी को पुलिस द्वारा हाईकोर्ट में पेश किया गया। जिस पर हाईकोर्ट ने पुलिस को आदेश जारी किए। साथ ही सोहनलाल की मेडिकल जांच करवाने के आदेश भी दिए हैं। कोर्ट से बाहर आने के बाद सोहनलाल ने बताया कि मैं एक व्यापारी हूं। मुझे आईजी साहब के नेतृत्व में बहुत मारा गया है। मैं अभी कुछ कहने की स्थिति में भी नहीं हूं। मेरे पैर भी अभी चलने लायक नहीं हूं। दो कर्मचारियों को बुलाकर मुझे पिटवाया गया है।

# पीथमपुर में दफन नहीं होगी भोपाल की जहरीली राख

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री की 899 टन जहरीली राख का निष्पादन पीथमपुर में न किया जाए। आठ अक्टूबर को जारी आदेश में कोर्ट ने कहा- इस राख को ऐसे स्थान पर ले जाया जाए जहां मानव बस्ती, पेड़-पौधे या जलस्रोत न हों। सरकार द्वारा अब तक उठाए गए कदमों को कोर्ट ने अपर्याप्त बताया है। इस मामले की अगली सुनवाई 20 नवंबर 2025 को की जाएगी।



पिछले दो महीनों में यह दूसरी बार है जब हाईकोर्ट ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। कोर्ट ने सरकार से वैकल्पिक स्थल की रिपोर्ट पेश करने और इस कार्य के लिए अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की मदद लेने पर जवाब मांगा है। अपने आदेश में कोर्ट ने यह भी कहा है कि यदि कंटेनमेंट ढांचा किसी प्राकृतिक आपदा, जैसे भूकंप, में टूट गया, तो यह एक और बड़ी त्रासदी का कारण बन सकता है। एक याचिका में जानकारी दी गई थी कि राख में अभी भी पारे (मर्करी) की मात्रा निर्धारित सीमा से अधिक पाई गई है। सरकार ने कोर्ट को यह दिखाने के लिए एक एनिमेटेड वीडियो प्रस्तुत किया था कि राख रखने का ढांचा 'आधुनिक और सुरक्षित' है, लेकिन कोर्ट इससे संतुष्ट नहीं हुआ। हाईकोर्ट ने कहा कि यूनियन कार्बाइड की फैक्ट्री को कभी सुरक्षित माना जाता था, लेकिन दिसंबर 1984 की गैस त्रासदी ने सब कुछ बदल दिया, इसलिए अब किसी भी तरह की सावधानी को अत्यधिक नहीं माना जा सकता। भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड प्लांट में 40 साल से 358 टन जहरीला कचरा पड़ा था। हाईकोर्ट के आदेश पर इसे जनवरी 2025 में पीथमपुर की रामकी एनवायरो नामक कंपनी में भेजा गया था। वहां 55 दिनों तक इसे जलाया गया, जिससे 899 टन राख बनी। अब इसी राख का सुरक्षित तरीके से निपटान किया जाना है। रासायनिक कचरे में शहर में जलाने का शहर के कई संगठनों ने विरोध भी किया था। जिसमें दो युवकों ने अपने आप को जलाने की कोशिश भी की थी।

## 'पुलिस वाले टोपी लगाकर सोचते हैं हेलमेट की जरूरत नहीं'

**भोपाल।** जब हेलमेट लगाने की बात करते हैं तो लोग उसे शौकिया स्कूटर में रख लेते हैं उसके बाद पुलिस वाले को देखकर पहन लेते हैं। पुलिस वाले सोचते हैं कि उनको तो कोई हेलमेट की जरूरत नहीं है। टोपी पहन ली है। बुधवार को भोपाल में प्रशासन अकादमी में मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने रोड सेफ्टी को लेकर हुई कार्यशाला को संबोधित किया। दरअसल, प्रदेश में रोड एक्सीडेंट्स में होने वाली मौतों को रोकने के लिए आईआईटी मद्रास की मदद से मध्य प्रदेश सरकार, पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई और स्वास्थ्य विभाग मिलकर काम करेंगे। कार्यशाला में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मुख्य सचिव अनुराग जैन, पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह के साथ तमाम विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। सीएस अनुराग जैन ने कहा- एमपी में यदि 53% मौतें टू व्हीलर वालों की हो रही हैं और हम हेलमेट नहीं लगा रहे हैं या हेलमेट ठीक तरीके से नहीं लगा रहे हैं। एमपी के डेटा के हिसाब से टू-व्हीलर्स वालों की जो मौतें हो रही हैं उनमें से 60% ने हेलमेट लगाया ही नहीं है।

# पेंशनर्स को शासन ने बढ़ाई मंहगाई राहत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के लाखों पेंशनर्स और परिवार पेंशनर्स के लिए अच्छी खबर है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दीपावली के पहले बड़ी राहत दी है। उनकी घोषणा के अनुसार राज्य शासन के वित्त विभाग ने 8 मई 2025 के परिपत्र के आधार पर पेंशनर्स को मंहगाई राहत की दरों में 01 सितंबर 2025 से वृद्धि करने का निर्णय लिया है। इस बढ़ी राहत दर के हुए लाभ का भुगतान माह अक्टूबर 2025 की पेंशन में किया जाएगा। वित्त विभाग के आदेश के अनुसार छठवें वेतनमान में पेंशन प्राप्त करने वालों को मंहगाई राहत की दर 246% से बढ़ाकर 252% कर दी गई है, जबकि सातवें वेतनमान के पेंशनर्स को यह राहत 53% से बढ़ाकर 55% कर दी गई है। यानी दोनों वेतनमानों के तहत पेंशन पाने वालों को अब और अधिक राहत मिलेगी। विशेष रूप से 80 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले पेंशनर्स को मिलने वाली अतिरिक्त पेंशन पर भी संशोधित मंहगाई राहत देय होगी।

# शिवराज के घर अनाज की बोरी लेकर पहुंचे पटवारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। भोपाल में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के सरकारी आवास के सामने किसानों ने प्रदर्शन किया। किसानों के साथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी भी अपने साथ गेहूं की बोरी लेकर पहुंचे।**




शिवराज के घर के बाहर पहुंचे पटवारी और किसानों को जब अंदर नहीं जाने दिया तो प्रदर्शनकारियों ने शिवराज के घर के सामने सड़क पर ही गेहूं की बोरी उलट दी और वहीं रोड पर बैठ गए। पुलिस ने जब रोकने की कोशिश की तो हल्की झड़प की स्थिति बन गई। दरअसल, किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के साथ करीब डेढ़ दर्जन किसान आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचे थे। वहां उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से मुलाकात की और भावांतर योजना, प्याज, धान सहित तमाम फसलों के सही दाम न मिलने को लेकर चर्चा की। शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात करने के बाद जीतू पटवारी वापस जाने लगे। इस दौरान उन्होंने बंगले के बाहर मौजूद पुलिसकर्मियों से माफी मांगी। कहा कि मुझसे कोई गलती हुई हो तो मुझे माफ करना।

## संपादकीय

### ट्रंप ने दिया पीएम मोदी को लेकर अजीबोगरीब बयान

अमेरिकी राष्ट्रपति अपने बयानों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। ट्रंप ने बुधवार को दावा किया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से आश्वासन दिया है कि उनका देश रूसी तेल खरीदना बंद कर देगा। इस बात की घोषणा के दौरान ट्रंप ने पीएम मोदी को लेकर एक अजीबोगरीब बयान भी दे डाला। वाहइट हाउस में बोलते हुए, ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक 'महान व्यक्ति' और समय की कसौटी पर खरा उतरने वाला नेता बताया। हालांकि, इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी को लेकर अजीबोगरीब बयान दे डाला। हालांकि, बाद में मौके पर ही उन्हें अपनी सफाई देने की जरूरत महसूस हुई। ट्रंप ने कहा कि मोदी एक महान व्यक्ति हैं। वह ट्रंप से प्यार करते हैं। उन्होंने तुरंत स्पष्ट करते हुए कहा कि मैं नहीं चाहता कि आप 'प्यार' शब्द को किसी और तरह से लें। मैं उनका राजनीतिक करियर बर्बाद नहीं करना चाहता। उन्होंने भारत को एक 'अविश्वसनीय देश' और प्रधानमंत्री मोदी को समय की कसौटी पर खरा उतरने वाला नेता बताया। ट्रंप ने कहा कि मैं वर्षों से भारत को देख रहा हूँ। यह एक अविश्वसनीय देश है, और हर साल आपको एक नया नेता मिलता है। कोई कुछ महीनों के लिए वहां रहता है, और यह साल दर साल होता रहा, और मेरा दोस्त लंबे समय से वहां है। ट्रंप की यह तारीफ दोनों देशों के बीच बेहतर होते संबंधों का प्रतीक है, जो वाशिंगटन द्वारा लगाए गए भारी टैरिफ के कारण थोड़े समय के लिए बिगड़ गए थे। डोनाल्ड ट्रंप ने पहले भारत पर यूक्रेन में रूसी युद्ध मशीनरी को फंडिंग करने और उनके शांति प्रयासों को विफल करने का आरोप लगाया था। उन्होंने एक 'ब्रेकिंग हेडलाइन' शेयर करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया है कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने मुझे आश्वासन दिया है कि रूस से कोई तेल नहीं खरीदा जाएगा। वह इसे तुरंत नहीं कर सकते। यह एक छोटी सी प्रक्रिया है, लेकिन यह प्रक्रिया जल्द ही पूरी हो जाएगी।



*खुशहाली की तलाश में हमने इस धरती पर कई पागलपन भरे काम किए हैं। अगर आप खुशहाली ही तलाश रहे हैं - तो अपने भीतर झांकना ही एकमात्र तरीका है।*

\- जग्गी वासुदेव

## धर्म-कर्म

# 21 अक्टूबर को प्रदोष काल में अमावस्या सिर्फ 12 मिनट

### जानें कब दिवाली मनाना शुभ

**वैदिक पंचांग के अनुसार दीपोत्सव का पंचदिवसीय पर्व इस बार 18 से 23 अक्टूबर तक रहेगा। हालांकि इस वर्ष दीपावली पूजा की तिथि को लेकर लोगों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है, जिसे मेरठ के ज्योतिषाचार्यों ने दूर कर दिया है।**



वैदिक पंचांग के अनुसार कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष में मनाया जाने वाला दीपोत्सव का पंचदिवसीय पर्व इस बार 18 से 23 अक्टूबर तक रहेगा। हालांकि इस वर्ष दीपावली और गोवर्धन पूजा की तिथि को लेकर लोगों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है, जिसे मेरठ के ज्योतिषाचार्यों ने दूर कर दिया है। उनका कहना है कि इस वर्ष मुख्य दीपावली यानी महालक्ष्मी पूजा 20 अक्तूबर सोमवार को ही होगी, क्योंकि इस दिन अमावस्या प्रदोष और निशीथ काल में व्याप्त रहेगी।

ज्योतिषाचार्य विभोर इंदूसुत के अनुसार दीपावली के पंचदिवसीय पर्व में इस बार एक रिक्त दिन भी उपस्थित रहेगा। यही कारण है कि कई लोग 20 या 21 अक्तूबर को लेकर असमंजस में हैं। उन्होंने बताया कि शास्त्रानुसार बड़ी दीपावली उसी दिन होती है, जब अमावस्या तिथि प्रदोषकाल और रात्रिकाल दोनों में हो। इस बार अमावस्या 20 अक्तूबर को दोपहर 3:44 बजे शुरू होकर 21 अक्टूबर को शाम 5:54 बजे तक रहेगी। प्रदोषकाल और रात्रिकाल दोनों में अमावस्या 20 को ही रहेगी, अतः महालक्ष्मी पूजा का श्रेष्ठ मुहूर्त इसी दिन है। इसके अलावा मुख्य रूप से प्रदोषकाल और रात्रिकाल में अमावस्या केवल 20 को ही रहेगी, इसलिए बड़ी दीपावली (महालक्ष्मी पूजा) 20 को करना ही श्रेष्ठ है। 21 अक्तूबर को देखें तो दिनभर तो अमावस्या रहेगी लेकिन संध्याकाल में अमावस्या समाप्त हो जाएगी। सूर्यास्त के बाद प्रदोषकाल में केवल लगभग 12 मिनट के लिए ही अमावस्या रहेगी और रात्रिकाल में तो अमावस्या है ही नहीं। बिना अमावस्या के बड़ी दीपावली पूजन श्रेष्ठ नहीं माना जाता।


### शुभ योग भी 20 अक्तूबर को है

ज्योतिषाचार्य रुचि कपूर के अनुसार दीपावली रात्रि का पर्व है और जब अमावस्या तिथि प्रदोष व निशीथ काल में हो तभी लक्ष्मी पूजन सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। इस वर्ष ऐसा शुभ योग 20 अक्तूबर को ही बन रहा है। दीपावली को प्रदोष काल और स्थिर लग्न का शुभ संयोग भी है, जोकि माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने के लिए बहुत उत्तम माना जाता है।

Rajasthan

# बालोतरा में भीषण सड़क हादसा, ट्रेलर व स्कॉर्पियो में आमने-सामने की भिड़ंत, जिंदा जले 4 दोस्त

**बालोतरा, (एजेंसी)** बालोतरा के सिणधरी थाना क्षेत्र में बुधवार रात दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। बालोतरा–सिणधरी मेगा हाईवे पर सड़ा गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रेलर और स्कॉर्पियो की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कुछ ही पलों में दोनों वाहनों में आग लग गई और स्कॉर्पियो में सवार पांच दोस्तों में से चार मौके पर ही जिंदा जल गए, जबकि एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे बालोतरा हॉस्पिटल में रैफर किया गया है। यह हादसा रात करीब 12 बजे के आसपास हुआ जब हाईवे पर ट्रेलर और स्कॉर्पियो की जोरदार टक्कर के बाद धमाके के साथ



आग फैल गई, जिससे कुछ ही मिनटों में स्कॉर्पियो पूरी तरह जलकर राख हो गई। आसपास के ग्रामीण जब तक मौके पर पहुंचे, तब तक लपटें आसमान छू रही थीं और अंदर फंसे लोग बाहर नहीं निकल पाए।पुलिस के अनुसार हादसे में मृत हुए सभी युवक गुड़ामालानी उपखंड के डाबड़ गांव के रहने वाले थे। ये पांचों दोस्त बुधवार देर शाम किसी काम से सिणधरी गए थे और वहां से रात करीब 12 बजे के बाद वे अपनी स्कॉर्पियो में घर लौट रहे थे। सड़ा गांव के पास सामने से आ रहे ट्रेलर से उनकी स्कॉर्पियो की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। सामने से टकराने के बाद दोनों वाहनों के फ्यूल टैंक फट गए और देखते ही देखते लपटें उठने लगीं।

Karnataka

## पत्नी की गैस की बीमारी से परेशान था डॉक्टर, एनेस्थीसिया का ओवरडोज देकर मार डाला



**बेंगलुरु, (एजेंसी)** बेंगलुरु के विक्टोरिया अस्पताल के 32 साल के जनरल सर्जन डॉ. महेंद्र रेड्डी ने अपनी चिकित्सकीय जानकारी का इस्तेमाल किसी की जान बचाने के बजाय अपनी पत्नी की जान लेने के लिए किया। छह महीने तक इसे प्राकृतिक मौत माना गया, लेकिन अब पुलिस ने खुलासा किया है कि यह एक सुनियोजित हत्या थी। 28 साल की त्वचा रोग विशेषज्ञ (डर्मेटोलॉजिस्ट) डॉ. कृतिका रेड्डी की मौत के मामले में उनके पति महेंद्र को 14 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, महेंद्र ने एनेस्थीसिया की जानलेवा खुराक देकर पत्नी की हत्या की। आपको बता दें कि दोनों का विवाह 26 मई 2024 को हुआ था। मौत से महज 11 महीने पहले। व्हाइटफील्ड डीसीपी एम. परशुराम ने बताया, "महेंद्र ने अपनी पत्नी की हत्या बड़ी सावधानी से योजनाबद्ध की थी। वह उसकी चिकित्सीय कमजोरियों को जानता था और उसने उसी का फायदा उठाया।" पुलिस जांच से पता चला कि 21 अप्रैल को महेंद्र ने अपने घर पर पत्नी को पेट दर्द के बहाने IV इंजेक्शन दिया। अगले दिन वह उसे मराठहल्ली स्थित मायके ले गया, यह कहते हुए कि उसे आराम की जरूरत है। 23 अप्रैल की रात, वह दोबारा ससुराल पहुंचा और एक और इंजेक्शन लगाया। अगले दिन सुबह 24 अप्रैल को कृतिका को बेसुध पाया गया। डॉक्टर होने के बावजूद महेंद्र ने सीपीआर देने का प्रयास नहीं किया।

New Delhi

## सुप्रीम कोर्ट ने मौत की सजा के तरीके पर केंद्र के रुख पर नाराजगी जताई

**नई दिल्ली, (एजेंसी) सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मौत की सजा के तरीके पर केंद्र के रुख पर नाराजगी जताई। सरकार ने उस सुझाव को मानने से इनकार कर दिया, जिसमें कहा गया था कि मौत की सजा पाए कैदियों को फांसी की जगह घातक इंजेक्शन का विकल्प दिया जाए।**

दरअसल, एक जनहित याचिका में पारंपरिक फांसी की सजा को बदलकर घातक इंजेक्शन या इन दोनों में से किसी एक को चुनने का अधिकार दिए जाने की मांग की थी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ऋषि मल्होत्रा ने कहा- 'कम से कम दोषी कैदी को विकल्प तो दिया जाए कि वह फांसी चाहता है या घातक इंजेक्शन। घातक इंजेक्शन तेज, मानवीय और सम्मानजनक है। फांसी क्रूर, अमानवीय और लंबे समय तक कष्ट देने वाली प्रक्रिया है।' उन्होंने कोर्ट में बताया गया कि सेना में ऐसा विकल्प पहले से ही उपलब्ध है। हालांकि, सरकार ने अपने जवाबी हलफनामे में कहा कि ऐसा विकल्प देना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है।

Chhattisgarh

## खाट से बांधकर पेट्रोल बम से ससुराल को उड़ाया

**रायपुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के कोरिया दिल-दहलाने और रिश्तों को शर्मसार वाला जघन्य मामला सामने आया है। एक दामाद ने पारिवारिक विवाद के कारण ससुर को खाट से बांधा, सास को कमरे में बंद किया और ससुराल के घर को पेट्रोल बम मारकर उड़ा दिया। वारदात में ससुर की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं सास गंभीर रूप से घायल जिंदगी और मौत से जूझ रहीं हैं।

पुलिस के अनुसार कोरिया के बचरा पोड़ी थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा अपने ससुराल वालों से बदला लेने के लिए वीभत्स और क्रूर तरीका अपनाकर ससुर की हत्या की गई है। उसने बम मारकर पूरी ससुराल के घर को तहसनहस कर दिया। इसके पहले ससुर को घाट से बांध दिया था।



प्राथमिक रूप से मिली जानकारी में मृतक का नाम राय राम उम्र 60 है। उनकी पत्नी पार्वती 59 साल काफी बुरी तरह गंभीर हालत में हैं। घटना क्षेत्र के साल्ही गांव की है। एसपी रवि कुर्रे ने स्थानीय मीडिया को बताया कि घर पर हमले में बुजुर्ग की मौत हो गई है। घर जल गया है।

खेल

# विमेंस वर्ल्ड कप- पाकिस्तान-इंग्लैंड मैच बेनतीजा

### कोलंबो में बारिश से 31 ओवर का खेल भी नहीं हो सका, फातिमा सना ने 4 विकेट

**कोलंबो, (एजेंसी) विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच 16वां मैच बेनतीजा रहा। बुधवार को पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। एक समय इंग्लैंड टीम ने 25 ओवर में 79 रन पर 7 विकेट गंवा दिए थे। जिसके बाद बारिश आई और मैच रोकना पड़ा। दोबारा मैच शुरू होने पर 31 ओवर का किया गया।**



कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में इंग्लिश टीम ने 31 ओवर में 9 विकेट खोकर 133 रन बनाए। इंग्लैंड से चार्ली डीन ने सबसे ज्यादा 33 रन बनाए। पाकिस्तानी कप्तान फातिमा सना ने 4 विकेट झटके। बारिश की वजह से दोनों टीमों को एक-एक अंक मिले।

DLS सिस्टम की वजह से पाकिस्तान को 113 रन का टारगेट मिला। लेकिन पाकिस्तान की बैटिंग के समय बारिश फिर से आ गई और 31 ओवर का खेल भी नहीं हो सका। टीम 6.4 ओवर ही बैटिंग कर सकी। पाकिस्तान ने बिना विकेट खोए 34 रन बनाए।

फातिमा सना को 4 विकेट टॉस हारकर बैटिंग कर रही इंग्लिश टीम की शुरुआत खराब रही। टीम ने 13 रन पर ओपनर टैमी ब्यूमोंट का विकेट गंवा दिया। डायना बेग ने उन्हें बोल्ड किया। इसके बाद पाकिस्तानी कप्तान फातिमा सना ने विकेटकीपर एमी जोन्स और कप्तान नैट साइवर-ब्रंट को बोल्ड कर दिया। हीदर नाइट भी 18 रन बनाकर फातिमा की बॉल पर LBW हो गईं।

बारिश के बाद 31 ओवर का मैच हुआ इंग्लैंड की बैटिंग के समय पहली बार बारिश आई। इस समय टीम 25 ओवर खेल चुकी थी। करीब 2 घंटे बाद खेल दोबारा शुरू हुआ। अंपायर्स ने मैच 31-31 ओवर का कर दिया। इंग्लैंड ने बचे हुए 6 ओवर में तेजी से बल्लेबाजी की और 54 रन जोड़े। टीम ने कुल 9 विकेट खोकर 133 रन बनाए। लेकिन DLS की वजह से पाकिस्तान को 113 रन का टारगेट मिला। पाकिस्तान ने 6.4 ओवर बैटिंग की 113 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पाकिस्तानी विमेंस टीम सिर्फ 6.4 ओवर ही बैटिंग कर सकी। पाकिस्तान ने 34 रन बनाए और टीम को जीत के लिए 79 रन की जरूरत थी। इसी समय बारिश दोबारा आ गई और खेल नहीं हो सका। ओपनर मुनीबा अली 9 और ओमइमा सोहेल 19 रन बनाकर नाबाद लौटीं। कोलंबो में लगातार दूसरा मैच बेनतीजा कोलंबो स्टेडियम में लगातार दूसरा मैच बेनतीजा रहा। पाकिस्तान-इंग्लैंड मैच के अलावा मंगलवार को श्रीलंका और न्यूजीलैंड का मैच भी बारिश की वजह से पूरा नहीं हो सका था।

सिनेमा

## डांसर-एक्ट्रेस मधुमति का निधन, अक्षय कुमार ने गमगीन होकर कहा- सबकुछ आपसे सीखा है



बॉलीवुड से एक और बुरी खबर सामने आई है। बीते जमाने की पॉपुलर डांसर और एक्ट्रेस मधुमती का 87 साल की उम्र में निधन हो गया। उनकी मौत से इंडस्ट्री सदमें में डूब गई है। मालूम हो कि 'महाभारत' में कर्ण का किरदार निभाने वाले दिग्गज एक्टर पंकज धीर ने भी 15 अक्टूबर को आखिरी सांस ली। वो कैंसर से लंबी लड़ाई लड़ रहे थे। मधुमति को उनके शानदार डांस की वजह से जाना जाता था और उनकी तुलना डांसर हेलन से होती थी। खबर सामने आने के बाद से बॉलीवुड सेलेब्स उनके निधन पर दुख व्यक्त कर रहे हैं। अक्षय कुमार, चंकी पांडे और विंदू दारा सिंह ने पोस्ट शेयर कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर एक स्टोरी पोस्ट की है, जिसमें वे डांसर और एक्ट्रेस मधुमती के साथ दिख रहे हैं। अक्षय ने कैप्शन में लिखा, 'मेरी पहली गुरु, जिनसे मैंने डांस के बारे में सब कुछ सीखा। आपके कदमों को देखकर मैंने डांस सीखा, हर अदा, हर एक्सप्रेशन में आपकी याद हमेशा रहेगी।'

## Highlights

1. **PM to visit Andhra on Oct 16, inaugurate projects worth ₹13,430 cr**
2. **Honours people's sentiments: Delhi CM on SC's green crackers order**
3. **Accepted defeat even before contesting Bihar polls: RJD on Kishor**
4. **Nothing well in NDA: Kushwaha amid seat-sharing row in Bihar polls**
5. **AAP was against Hindu festivals: BJP after SC's green cracker nod**
6. **Air India announces 166 flights to Patna for festive season**

# India's exports to US in September plunge the most since the beginning of 2025 due to US tariff impact

**NEW DEIHI, (Agency).** India's exports to the US fell in the first full month since 50% US tariffs on Indian goods came into effect, underscoring the country's reliance on its biggest export market. Imports increased.

India's US exports fell 11.93% year-on-year to $5.46 billion in September even as imports increased 11.78% to $3.98 billion, according to data released by the Union Ministry of Commerce & Industry. That was despite Indian merchants front-loading shipments in the months leading up to punitive tariffs.

The US imposed 50% tariffs on Indian goods on 27 August 2025 in response to trade barriers and New Delhi's purchase of Russian oil, making India's apparel and leather-goods exports uncompetitive against Bangladesh and Vietnam.

Nearly 55% of India's exports to the US were affected by the tariffs, Commerce Secretary Rajesh Agrawal was quoted as saying by Reuters on Wednesday.

"Despite turbulence in global market, exports have maintained momentum," he said, "but the imports have grown at faster pace in September, driven by increase in gold, silver, fertilisers and electronics."



### India US Exports, Imports

According to think tank GTRI, India's exports to the US witnessed the sharpest monthly decline of 2025 in September.

"September was also the first full month when Indian goods faced 50% US tariff on most products," GTRI founder Ajay Srivastava said.

India's exports to the US have been falling since June 2025 on a monthly basis. In May, exports rose by 4.8% to $8.8 billion.

Between May and September, India's exports to the US have dropped by almost 37.5%, wiping out more than $3.3 billion in monthly shipments.

"The data confirms that the US has become India's most severely affected market since the tariff escalation began, with sectors such as textiles, gems and jewellery, engineering goods, and chemicals suffering the heaviest losses," Srivastava said.

India-US Trade Deal Talks

India is fast-tracking trade talks with the US with the goal of concluding deal negotiations by next month, Bloomberg reported on Tuesday, even as Russian oil imports remain a sticking point.

New Delhi is working on a plan that would be mutually acceptable to address the issue, the people said, asking not to be identified as the matter is still private. They however did not share other details. Most of the other trade issues between the two nations have been resolved, they said.

"An Indian delegation is in the US this week to advance trade talks amid the government shutdown," Agrawal said on Wednesday.

# Infosys, Wipro results today to test investor appetite for IT stocks

**NEW DEIHI, (Agency).** After mixed quarterly earnings from Tata Consultancy Services Ltd. and HCL Technologies Ltd., the focus now shifts to Infosys Ltd. and Wipro Ltd. which are going to report their second-quarter results today.

Investors will watch for signs of stability in an IT sector marred by US H-1B visa shock as well as US HIRE Act that proposes a 25% "outsourcing tax". That, when discretionary spending by clients hasn't particularly revived even as AI threatens to upend business models and spur layoffs.

Watch out for growth guidance—as well as large-deal momentum—and the management commentary on client demand.

The NSE Nifty IT Index remains above its 50-day moving average. An upbeat management outlook could help push it toward the 100-day average.

श्रीहरि
www.shreehari.org

"ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक मार्गदर्शन"
"एक सलाहकार-एक शुभचिंतक"

www.babapandit.com

...हो सकता है मेरी एक सलाह आपकी समस्या/पीड़ा के समाधान में सहायक सिद्ध हो...

Pls visit and submit your query*
www.babapandit.com
🙏 "बाबापण्डित" 🙏
अनुष्ठानकर्ता-हरिकथा प्रेमी
www.babapandit.com

Pls Call for Appointment
7869526724 / 9303183100

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक